<u>हिंदी पखवाड़े का आयोजन – रिपोर्ट</u>

<u>दि. 01-09-2016 से 15-09-2016 तक</u>

दि. 01-09-2016 से 15-09-2016 तक इस कार्यालय में हिंदी पखवाड़े कर आयोजन किया गया। पखवाड़े का उद्घाटन समारोह दि. 01-09-2016 को श्री. डी. दाश, वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी महोदय की अध्यक्षता में किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर सर्वप्रथम श्रीमती छाया ठाकुर, वरिष्ठ हिंदी अनुवादक द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभा में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात पखवाड़े के दौरान आयोजित किए जानवाले कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं की जानकारी दी और उनके द्वारा सभी से आग्रह किया गया कि पखवाड़े के दौरान किये जानेवाले प्रतियोगिता में सभी बढ़चढ़ कर भाग लेंकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय श्री. डी. दाश, वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि, हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन के तौर पर प्रतिवर्ष हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। अत: सरकारी कर्मचारी होने के नाते हम सबका कर्तव्य है कि इसी नीति को आगे बढ़ाते हुए राजभाषा हिंदी को बढ़ावा दें। सिर्फ पखवाड़े के दौरान ही नहीं बल्कि हमेशा मुख्य रूपसे हिंदी में कार्य करें। इसी तरह प्रोत्साहन युक्त संबोधन के उपरान्त श्रीमती छाया ठाकुर द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया और साथ ही उद्घाटन समारोह का समापन हुआ।

पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

क्र.सं.	दिनांक	प्रतियोगिता	प्रतिभागियों की संख्या

1.	2-9-2015	निबंध प्रतियोगिता	5
2.	6-9-2015	वाद-विवाद प्रतियोगिता	20
3.	7-9-2015	टिप्पण पत्रलेखन प्रतियोगिता	6
4.	9-9-2015	तत्काल भाषण प्रतियोगिता	19
5.	12-9-2015	अनुवाद प्रतियोगिता	17
6.	14-9-2015	प्रश्नमंच प्रतियोगिता	15

दि. 15-09-2015 को श्री. पंकज कुलश्रेष्ठ, क्षेत्रीय खान नियंत्रक महोदय की अध्यक्षता में 'हिंदी पखवाड़े' के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए श्रीमती छाया ठाकुर ने सभी का स्वागत किया और सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने हिंदी के प्रति सभी की रूचि को दर्शाते हुए कहा कि इस वर्ष हिंदी पखवाड़े के दौरान हुई प्रतियोगिताओं में अधिकतर अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और सभी का उत्साह बढ़ाते हुए यह आशा की कि इसी तरह हिंदी में कार्य के प्रति अपना उत्साह बनाएं रखे। उपरान्त श्री. डी. दाश, वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी एवं हिंदी संपर्क अधिकारी ने सभा को संबोधित किया। हिंदी में कार्य के प्रति सभी की रूचि को देखते हुए हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, प्रतिवर्ष देखा गया कि इस कार्यालय में हिंदी भाषा के प्रति सभी की रूचि है। अत: इस कार्यालय में हमेशा लक्ष्य से अधिक कार्य होता है। आशा करता हूं कि सभी अधिकारी एवं इसी तरह हिंदी में अपनी रूचि बनाये रखे। उपरान्त कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री.पंकज कुलश्रेष्ठ, क्षेत्रीय खान नियंत्रक ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, मैंने इसी वर्ष इस कार्यालय में कार्यग्रहण किया है और मैंने देखा है कि इस कार्यालय में हिंदी में कार्य की प्रगति अच्छी है और सभी रूचि से हिंदी में कार्य करते है। पखवाड़े का समारोह भी काफी अच्छा हुआ है। इस 15 दिन के कार्यक्रमों में सभी का काफी सहयोग रहा है। हिंदी संपर्क

अधिकारी एवं अनुवादक ने काफी सराहनापूर्ण कार्य किया है। आशा करता हूं कि इस कार्यालय में हिंदी में कार्य किए जाने हेतु इसी तरह उत्साह बना रहेंगा।

तत्पश्चात पखवाड़े के दौरान आयोजित किए गए प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अध्यक्ष महोदय के शुभ हस्ते पुरस्कार प्रदान किए गए। विजेताओं द्वारा निम्नानुसार पुरस्कार प्राप्त किए गए।

निबंध प्रतियोगिता

प्रथम – श्री. ए. पी.सरवदे

द्वितीय – श्री. डी. विजय कुमार

तृतीय – श्री. वी. श्रीनिवास राव

टिप्पण–आलेखन प्रतियोगिता

प्रथम – श्री. ए. पी.सरवदे

द्वितीय – श्रीमती सी.एच. सुशीला

तृतीय – श्री. वी. श्रीनिवास राव

अनुवाद प्रतियोगिता

प्रथम – श्रीमती एन. उमा देवी

द्वितीय – श्रीमती एस. पदमावति एवं श्री. डी. विजय कुमार

तृतीय – श्री. सी.एस.एन. मूर्ति

वादविवाद प्रतियोगिता

प्रथम – श्री. ए.वी.एन. मूर्ति

द्वितीय – श्री. इब्राहिम शरीफ

तृतीय – श्री. ए. वी. रमेश कुमार एवं श्री. बी. रामकृष्णा

तत्काल भाषण प्रतियोगिता

प्रथम – श्रीमती सी.एच. सुशीला

द्वितीय – श्रीमती पदमिनी एवं श्रीमती लक्ष्मी

तृतीय – श्री. आर. तिमोथी एवं श्री. एम. प्रताप रेड्डी

प्रश्नमंच प्रतियोगिता

प्रथम ––	द्वितीय ––
श्री. ए.वी.एन. मूर्ति	श्री. वी. श्रीनिवास राव
श्री. डी. विजय कुमार	श्री. ए. प्रभाकर राव
श्री. गुरुवय्या	श्री. ए.वी. रमेश कुमार
श्री. राज कुमार	श्रीमती राज्यलक्ष्मी
श्री. सत्यनारायणा	श्री. चंद्रशेखर रेड्डी

तृतीय ....

1. श्रीमती एस. पदमावति
2. श्रीमती एन. उमादेवी
3. श्री. ए.पी.सरवदे
4. श्रीमती एस. तुलसीबाई
5. श्री. सुनिल कुमार

अंत में श्रीमती छाया ठाकुर, वरिष्ठ हिंदी अनुवादक द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह संपन्न हुआ।


मारोह
लय